I/143417/2023

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून– 248001

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724

E-Mail- election09@gmail.com ceo_uttaranchal@eci.gov.in

संख्या: 1208 /XXV–05/2021 देहरादूनः दिनांक 03 अगस्त 2023.

सेवा में,

1–समस्त अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2–समस्त सचिव/प्रभारी सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3–समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4–समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

विषय– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय उत्तराखण्ड में विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक लोक सभा के आगामी सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय, उत्तराखण्ड, विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल सचिवालय परिसर, 04–सुभाष रोड़ देहरादून में अनुभाग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, तथा सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर रिक्ति के सापेक्ष प्रतिनियुक्ति के आधार पर दो वर्ष के लिए कार्मिक रखे जाने हैं, जिसे बिना पूर्व सूचना के पहले भी समाप्त किया जा सकता है। विभिन्न विभाग/कार्यालयों से प्रतिनियुक्ति के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी नियत प्रारूप पर अपने आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित अग्रसारण करते हुए स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से दिनांक 31 अगस्त 2023 के अपरान्ह 5:00 बजे तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, उत्तराखण्ड में उपलब्ध करा सकते हैं। आवेदन पत्र एवं शर्ते मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की वेबसाईट https://ceo.uk.gov.in पर उपलब्ध हैं।

क्र0सं0	पद का नाम/वेतनमान	पदों की संख्या	वेतनमान सातवें वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर	रिक्त पदों का स्थान
1	अनुभाग अधिकारी वेतनमान–56100–177500 लेबल–10	01 (एक)	लेबल–10	मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर 04–सुभाष रोड, देहरादून
2	समीक्षा अधिकारी वेतनमान–47600–151100 लेबल–8	02 (दो)	लेबल–8	
3–	सहायक समीक्षा अधिकारी वेतनमान– 44900–142400 लेबल–7	05(पांच)	लेबल–7	

I/143417/2023

अतः अनुरोध है कि अपने विभाग के प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से नियत प्रारूप पर आवेदन प्राप्त करते हुए विभाग के सक्षम अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित दिनांक 31.8.2023 के अपरन्ह 05:00 बजे तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही उक्त की एक प्रति अपने विभागीय सूचना पट पर भी चश्पा करवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by V. Shanmugham
Date: 03-08-2023 14:37:59

(डॉ0 वी0षणमुगम)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।